भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4171
उत्तर देने की तारीख 18 मार्च, 2026

अमरोहा में डाक और संबद्ध सेवाएं

4171. श्री कंवर सिंह तंवर:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में डाक और संबद्ध सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए डाकघरों के आधुनिकीकरण, डाक तंत्र के माध्यम से बैंकिंग एवं बीमा सेवाओं के विस्तार और नागरिकों के लिए परिदान समय में सुधार जैसे उपाय किए हैं;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान डाकघर अवसंरचना, डाक बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल सेवा एकीकरण, डाक गतिविधियों के माध्यम से रोजगार सृजन और सेवा कवरेज के उन्नयन के संबंध में की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) एवं (ख) जी हां, पिछले तीन वर्षों के दौरान, अमरोहा जिले में दो (02) शाखा डाकघरों और दो (02) उप डाकघरों में अवसंरचना उन्नयन का कार्य किया गया है। अगस्त, 2025 में अमरोहा जिला सहित भारत के सभी डाकघरों में कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने हेतु उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) आईटी 2.0 को लागू किया गया है। अमरोहा जिले में सभी प्रधान डाकघरों, उप डाकघरों और शाखा डाकघरों द्वारा डाकघर बचत बैंक

(पीओएसबी) संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जो कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) प्लैटफ़ॉर्म पर कार्य करती हैं और आधुनिक बैंकिंग की सेवाएं प्रदान करती हैं।

इन सेवाओं में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) की सुविधा, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, राष्ट्रीय इलैक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनइएफटी)/रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस), त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड के माध्यम से भुगतान, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) - डाकघर बचत बैंक लिंकेज के माध्यम से ई-पासबुक की सुविधा और यूनिफाइड पेमेंट इंटेरफेस (यूपीआई) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पिछले तीन वर्षों के दौरान, **अमरोहा जिले** के विभिन्न डाकघरों में **61 (इकसठ) ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस)** को नियोजित किया गया है; इस प्रकार जिले में डाक गतिविधियों और सेवा कवरेज के माध्यम से रोजगार सृजन किया गया है।

(ग) उपर्युक्त (क) एवं (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****